## जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 08.08.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 08.08.2025 को मध्यान्ह 03:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0बी0 त्यागी, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 सूरजभान, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. इं0 अनिल कुमार शाह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0),मैनपुरी।
8. श्री मनोज कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
9. इं0 श्रीनिवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया–

| क्र0सं0 | कम्पोनेन्ट कार्य का वितरण | लक्ष्य | गत माह समीक्षा बैठक की प्रगति | गत माह समीक्षा से वर्तमान तक की प्रगति | कुल प्रगति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) | 259933 | 252770 | 252997 | 227 | 6936 |
| 2 | बउण्ड्रीवाल | 541 | 451 | 452 | 1 | 89 |
| 3 | वितरण प्रणाली | 5928 | 5161 | 5177 | 16 | 751 |
| 4 | अवर जलाशय | 478 | 156 | 157 | 1 | 221 |
| 5 | पम्प हाउस | 541 | 439 | 441 | 2 | 100 |
| 6 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 783 | 120 | 121 | 1 | 662 |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा गत माह समीक्षा बैठक से वर्तमान तक निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बहुत कम है संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि अगामी समीक्षा बैठक से पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करेंगे।

<u>सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः–</u> अद्योहस्ताक्षरी को मा0 जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधान द्वारा प्रायः शिकायते प्राप्त हो रही हैं कि ग्रामीण पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बिछायी गई पाइप लाइन/वितरण प्रणाली हेतु काटी/क्षतिग्रस्त की गई सड़के कई माह तक खुदी पड़ी रहती है जिससे आम जनमानस का आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटना की भी सम्भावना बनी रहती है। तदक्रम में समस्त सहायक अभियन्ता खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर पुर्नस्थापना/मरम्मत का कार्य शत्–प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगे एवं खण्ड विकास अधिकारी की संस्तुति सहित सत्यापन आख्या अद्योहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करेगें तथा पंचायतों को हस्तान्तरण की गतिविधि खण्ड विकास अधिकारी को सूचित करके ही सम्पन्न की जाये ताकि सड़क पुर्नस्थापना मरम्मत का कार्य शेष न रहे।

<u>मशीनरी/मैनपावरः–</u> डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि गत समीक्षा बैठक मे संयुक्त महाप्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 800 अतिरिक्त मैनपावर बढ़ाने का अश्वाशन दिया गया था, परन्तु वर्तमान में कार्य स्थल पर मात्र 542 मैनपावर उपलब्ध है। तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी/मैटेरियल आदि उपलब्ध कराते हुए मैनपावर की रिपोर्ट प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे DWSM मैनपुरी ग्रुप में प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। जिससे अवर जलाशय से नियमित पेयजल आपूर्ति, हर घर जल प्रमाणीकरण एवं योजना हस्तान्तरण की प्रगति को बढ़ाया जा सके तथा योजना के कार्यों को ससमय पूर्ण किया जा सके। तदनुसार समस्त सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

**आईएस0ए0:–** आई0एस0ए0 विद्या वाल कल्याण सेवा सदन आलीपुर खेड़ा, मैनपुरी समीक्षा बैठक में अनुपस्थित थे जिससे उनके कार्यों की समीक्षा नहीं की जा सकी। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए0 विद्या वाल कल्याण सेवा सदन आलीपुर खेड़ा, मैनपुरी समीक्षा बैठक मे बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**टी0पी0आई0:–** अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जिला परियोजना प्रबन्धक, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन (टी0पी0आई0) को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन डालने हेतु काटी गई सड़को का डोर टू डोर सर्वे कर अधिशासी अभियन्ता को सूचित करें तथा बाउण्ड्रीवाल, पम्प हाउस, अवर जलाशय, सड़क पुर्नस्थापना आदि प्रत्येक कम्पोनेन्ट पर मानकानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

**समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।**

अनुमोदित

(नेहा बंधु)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।

पत्रांक– 9199 / बैठक का कार्यवृत्त / 40 दिनांक– 1-9-2025

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0),उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निमग (ग्रामीण), आगरा।
4. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
5. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
6. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।
7. भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
8. विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।
9. संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner